महानिदेशक वी एस पठानिया, रा.त.प., त.प.
महानिदेशक भारतीय तटरक्षक
Director General VS Pathania, PTM, TM
Director General Indian Coast Guard
Tel. : 91-11-23382546
Fax : 91-11-23385185
E-mail : dg@indiancoastguard.nic.in

तटरक्षक मुख्यालय
राष्ट्रीय स्टेडियम परिसर
नई दिल्ली 110001
Coast Guard Headquarters
National Stadium Complex
New Delhi 110001

महानिदेशक का संदेश
हिंदी दिवस - 2022

हिंदी दिवस (14 सितंबर) के अवसर पर तटरक्षक संगठन के सभी अफसरों एवं कार्मिकों को मेरी हार्दिक शुभकामनाएं ।

2. भाषा, अभिव्यक्ति का माध्यम है। विविध वेशभूषा, भाषा और सांस्कृतिक परंपराओं से युक्त, हमारे देश के विस्तृत भूभाग में सबसे अधिक बोली व समझी जाने वाली भाषा हिंदी है। अपनी सरलता, सरसता एवं सुबोधता के कारण स्वतंत्रता आंदोलन से ही, हिंदी, देश को एक सूत्र में बांधे रखने में अग्रणी भूमिका निभा रही है। फलस्वरूप स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात हिंदी को संघ की "राजभाषा" का दर्जा प्रदान किया गया है।

3. भारतीय तटरक्षक में विभिन्न प्रांतों से और विभिन्न भाषाओं को बोलने वाले लोग सेवारत हैं, जो आपसी संपर्क और व्यवहार आदि के लिए हिंदी का प्रयोग करते हैं। संविधान निर्माताओं की इच्छा के अनुरूप, हम सभी को हिंदी में अधिक से अधिक कार्य करना चाहिए। सरकारी काम-काज में हिंदी के उत्तरोत्तर प्रयोग में वृद्धि करने हेतु सरकार द्वारा विभिन्न प्रोत्साहन योजनाएं तथा प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारंभ किए गए हैं। हमें इन सबका लाभ उठाना चाहिए तथा राजभाषा विभाग द्वारा उपलब्ध कराए गए हिंदी सॉफ्टवेयर के प्रयोग को बढ़ाना चाहिए।

4. आजादी के अमृत महोत्सव के साथ-साथ हम हिंदी दिवस-2022 भी मना रहे हैं। इस शुभ अवसर पर, मैं संगठन के सभी अफसरों एवं कार्मिकों से अपील करता हूं कि वे अपने सरकारी काम-काज में हिंदी का अधिक से अधिक प्रयोग करें तथा हिंदी के उत्तरोत्तर प्रयोग को बढ़ावा दें। इसके साथ ही हिंदी पखवाड़े के दौरान आयोजित गतिविधियों के लिए मैं शुभकामनाएं देता हूं।

जय हिंद,

(वी एस पठानिया)
महानिदेशक
भारतीय तटरक्षक

नई दिल्ली
दिनांक 08 सितंबर, 2022